## खबर संक्षेप

### जेल में बुजुर्ग कैदियों के लिए भेंट किए 3 बड़े कूलर

**छिंदवाड़ा।** भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा जियो और जीने दो की पवित्र भावना के साथ मूक पशु - पक्षियों के लिए दाना - पानी अभियान चलाकर जीव दया की मिशाल पेश कर रही है जिसकी अहिंसा प्रेमियों द्वारा सर्वत्र सराहना की जा रही। जिला जेल में सजा काट रहे कैदियों के लिए योजन बनाई एवं जेल अधीक्षक प्रतीक जैन से मिले ओर बंदी भाइयों के लिए कूलर भेंट करने का अनुनय किया। 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्ग कैदियों के लिए 3 कूलर भेंट करने की अनुमति प्रदान की। सर्वोदय अहिंसा की टीम जिला जेल पहुंची जहां जेल प्रबंधन ने सभा कक्ष में सर्वोदय अहिंसा सभा का आयोजन किया।

### जल संरक्षण नारे के पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

**छिंदवाड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन मे विकास खंड छिंदवाड़ा की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन सेक्टर क्रमांक 3 के द्वारा ग्राम भानादेही मे किया गया। इस अवसर पर अपूर्वा फाऊंडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती हे यदि हम प्राकृतिक जल मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए । हम जल किस तरह से बरबाद करते हे, जल का दुरूपयोग को कैसे संरक्षण करना हे पर आधारित पोस्टर का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया। वही घरेलू बोर हैंडपंप,व कुए-के पानी का किस तरह से संरक्षण जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। यदि हम बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता हे परामर्शदाता श्यामल राव ने कहा की प्रकृति के संतुलन को बचाए रखने के लिए हमें पेड़ ,मिट्टी, जीव जंतुओं का संरक्षण करना आवश्यक होता है।

## परासिया में व्यवस्थाओं की पोल खुली, भीषण गर्मी में प्यासे राहगीर

# जलसंकट: पोस्टर सलामत, लेकिन सार्वजनिक प्याऊ से मटके गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया (साजिद खान)

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के परासिया नगर में इन दिनों पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। भीषण गर्मी के इस दौर में जब आमजन को राहत देने के लिए सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की जाती है, वहीं परासिया में हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। तहसील कार्यालय के समीप स्थित एक सार्वजनिक प्याऊ का दृश्य न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि नगर पालिका की व्यवस्थाओं की हकीकत भी बयां करता है।

यहां लगे पोस्टर और प्रचार सामग्री तो पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित नजर आते हैं, लेकिन जिस उद्देश्य से यह प्याऊ स्थापित किया गया था यानी राहगीरों और आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना वह पूरी तरह से गायब है। प्याऊ में रखे जाने वाले मटके ही नदारद हैं, जिससे यह व्यवस्था सिर्फ दिखावे तक सीमित रह गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई एक दिन की समस्या नहीं है, बल्कि पिछले कई दिनों से यहां यही स्थिति बनी हुई है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच जब लोग तहसील कार्यालय या आसपास के क्षेत्रों में अपने काम से आते हैं, तो उन्हें पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार मजबूरी में लोगों को महंगे दामों पर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है, जो हर किसी के लिए संभव नहीं होता।




### जल संकट, पानी के लिए यात्री कर रहे संघर्ष

परासिया नगर, जो छिंदवाड़ा जिले का एक प्रमुख क्षेत्र है, वहां इस तरह की स्थिति होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए अगर लोगों को संघर्ष करना पड़े, तो यह किसी भी नगर के लिए चिंताजनक संकेत है। सार्वजनिक प्याऊ का उद्देश्य ही यही होता है कि गर्मी के मौसम में राहगीरों, मजदूरों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को मुफ्त में ठंडा और स्वच्छ पानी मिल सके। लेकिन जब इन प्याऊ में मटके ही नहीं होंगे, तो उनका अस्तित्व केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या केवल एक प्याऊ तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में जल प्रबंधन की खामियों की ओर इशारा करती है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में पानी की किल्लत और भी गंभीर हो सकती है।

### नगर पालिका की भूमिका पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने नगर पालिका परासिया की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका केवल कागजों और दिखावे में योजनाएं चलाती है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। प्याऊ में पोस्टर लगे होना इस बात का संकेत है कि योजना का प्रचार तो किया गया, लेकिन उसके क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती गई। कुछ नागरिकों ने यह भी बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन की इस उदासीनता से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका समय रहते जागरूक नहीं हुई, तो जनता को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।

### अधिकारियों को गंभीरता से करनी चाहिए कार्रवाई

परासिया में सार्वजनिक प्याऊ की यह स्थिति केवल एक छोटी सी घटना नहीं है, बल्कि यह प्रशासन के लिए एक चेतावनी है। यह दर्शाता है कि यदि बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की गई, तो जनता का विश्वास प्रशासन से उठ सकता है। छिंदवाड़ा जिले के अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।

### भीषण गर्मी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

अप्रैल और मई के महीनों में छिंदवाड़ा जिले सहित पूरे क्षेत्र में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर चलना तक मुश्किल हो जाता है। ऐसे में पानी की उपलब्धता जीवन रक्षक के समान होती है। मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, छोटे व्यापारी और दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। प्याऊ जैसी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण व्यवस्था भी यदि सही तरीके से संचालित न हो, तो इसका सीधा असर आमजन के स्वास्थ्य और दैनिक जीवन पर पड़ता है। पानी की कमी से लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### आमजन की मांग, समस्या का जल्द हो समाधान

स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि जल्द से जल्द सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। प्याऊ में मटके रखे जाएं, नियमित रूप से पानी भरा जाए और स्वच्छता का भी ध्यान रखा जाए। इसके अलावा शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी पर्याप्त संख्या में प्याऊ स्थापित किए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। नागरिकों का यह भी कहना है कि केवल अस्थायी समाधान से काम नहीं चलेगा, बल्कि जल संकट से निपटने के लिए दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। जल स्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पाइपलाइन व्यवस्था में सुधार जैसे कदम उठाए जाने जरूरी हैं।

## मजदूर दिवस समारोह का कार्यक्रम इंटक रीजनल कार्यालय में सम्पन्न

# इंटक पेंच कन्हान के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**परासिया।** रा.को.ख.म.संघ (इंटक) रीजनल कार्यालय चांदामेटा के द्वारा 01 मई 2026 को मजदूर दिवस के अवसर पर रीजनल कार्यालय चांदामेटा के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे से इंटक पेंच कन्हान के कार्यकर्ताओं की विशाल रैली इंटक रीजनल कार्यालय चांदामेटा के प्रांगण से महादेवपुरी चौक तक गई । वापस रीजनल कार्यालय पहुंची । मजदूर दिवस का कार्यक्रम एस.क्यू.जमा अध्यक्ष इंटक वेकोलि एवं श्याम सुन्दर यादव अध्यक्ष म.प्र. इंटक के मुख्य आथित्य में शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में म.प्र.इंटक के बी.डी. गौतम महामंत्री , राजेन्द्र सिंह कार्य अध्यक्ष , लक्ष्मीनारायण पाठक कोषाध्यक्ष , शंकरदयाल शर्मा मंत्री के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए । इंटक वेकोलि से के. के. सिंह महामंत्री , गंगाधर रेवतकर , रिजवान अंसारी उपस्थित हुए । सभी उपस्थित अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया । सोहनलाल बाल्मीक (विधायक) अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण पढकर उपस्थित सभी सभासदों का स्वागत किया गया । भगवानदीन यादव महामंत्री द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर क्षेत्र की प्रमुख 16 बिन्दुओं की माँगों का प्रस्ताव सभासदों के समक्ष प्रस्तुत किया ।

## शराब तस्कर दुपहिया सहित धराया 53 लीटर विदेशी शराब बरामद

**चौरई।** आबकारी विभाग के चौरई वृत्त के अमले ने गश्त के दौरान प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक शराब तस्कर को धर दबोचा। तस्कर के कब्जे से 53 लीटर विदेशी शराब और एक दुपहिया बरामद हुई। गौरतलब है कि कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने आबकारी अमले को अवैध शराब के मामले में सख्त और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य ने जिला आबकारी अमले को सतत निगरानी रखने के निर्देश और प्रभावी कार्यवाही करने मार्गदर्शन दिया था। चौरई वृत्त के आबकारी अमले ने अधिकारियों के निर्देश पर अमल करते हुए गश्त बढ़ा दी थी। इसी गश्त के दौरान शुक्रवार की दोपहर बिछुआ थानांतर्गत ग्राम किसनपुर और डोलापांजरा के बीच एक संदिग्ध वाहन चालक को रोक तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी की गाड़ी में रखे दो बैग से विदेशी मदिरा के कुल 297 पाव बरामद हुए। शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपी की पहचान बिछुआ थानांतर्गत ग्राम कपूरखेडा निवासी निखलेश धावड़े के रूप में की गई। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत आबकारी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश सिंघल, आबकारी आरक्षक सचिन श्रीवास्तव और भारती मरकाम उपस्थित थे।



## भक्ति, आस्था और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 पंचशील कॉलोनी स्थित बाल कपिश्वर कुंज में आयोजित बहुप्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार 30 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। चार दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया। अंतिम दिवस प्रातः देवी-देवताओं के आह्वान एवं पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात नर्मदेश्वर शिवलिंग एवं बाल स्वरूप हनुमानजी का दिव्य अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हवन एवं पूर्णाहूति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।इस महोत्सव का विशेष आकर्षण रहा, जब अर्धनारीश्वर ब्रह्मचारी राजू चंदेल द्वारा बाल स्वरूप हनुमान जी एवं नर्मदेश्वर शिवलिंग के मंदिर में विधिवत कलसी चढ़ाई गई। इस पावन क्षण के दौरान पूरे परिसर में जयकारों की गूंज उठी और श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूजन अर्चन उपरांत हवन की पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएं भगवान के चरणों में समर्पित कीं। पूर्णाहूति के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के प्रमुख सदस्यों विशेष चौरसिया, राहूल अमूले, संजय अरोरा, दुर्गेश चापले, राजेश कैथवास, रमेश पवार, सागर अरोरा, प्रदीप शिववंशी, रविन्द्र पौराणिक, राजकुमार सहारे, बब्लू वर्मा, रितुराज डंडोरे, संतोष माहोरे, विनोद विश्वकर्मा एवं शिवराज रघुवंशी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# शराब तस्करों की कलेक्टर से नामजद शिकायत

### अवैध कारोबारी पर अंकुश लगाने नहीं उठाए जा रहे कोई कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब तस्करों की कलेक्टर से नाम जद शिकायत किए जाने का मामला सामने आया है । शिकायत में थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित शराब कुचियों को चलाने वालों और इनके सरपरस्त ठेकेदारों की नाम से शिकायत कर इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की गई है।

कोयलांचल में अवैध रूप से जारी शराब कारोबार पर अब तक कोई लगाम नहीं लग सकी है । इस मामले में कलेक्टर को शिकायत होना इस बात को उजागर करता है , कि जिन विभाग और उनके



अधिकारियों को इस कारोबार पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी है , वह अपना कर्तव्य ठीक से नहीं निभा रहे हैं । अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजकुमार नागवंशी ने इस मामले में कलेक्टर से नामजद शिकायत की है । उन्होंने शिकायत में कहा है , कि शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुमड़ी , जमुनिया , बागबर्दिया , सावलाढाना , बान्दरी , पायली , माथनी , फुटरा , सहपानी , तेंदूखेड़ा , पलटवाड़ा , छितरी , थावड़ी में अवैध संचालित हैं । उन्होंने इन कुचियों को चलाने वाले लोगों का नाम भी शिकायत में लिखा है और इन कुचियां संचालकों को जिन शराब ठेकेदारों का संरक्षण है , उनका भी नाम शामिल किया गया है । अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजकुमार नागवंशी का कहना है , कि शिवपुरी के शराब ठेकेदार जिनके ऊपर आपराधिक मामले दर्ज है , वे ग्रामीण क्षेत्रों में कुचियों के माध्यम से अपना शराब व्यापार चल रहे हैं । जिससे ग्राम के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है . ग्रामीण महिला असहज महसूस करती हैं ।

## शहर संभाग के अंतर्गत 11 के.व्ही. टाउन 2 फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 11 के.व्ही. टाउन 02 फीडर पर मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 02 मई 2026 शनिवार को संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 02 मई 2026 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. टाउन 02 फीडर से प्रभावित क्षेत्र 66 केवी कॉलोनी, एसएएफ, कावेरी नगर, मोहन नगर, बस स्टेण्ड, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, स्टेडियम कॉम्पलेक्स, डॉ.कॉलोनी, मोतीनगर, रेडक्रॉस जेल गेट, राज टॉकीज, गल्ला मण्डी, आजाद चौक एवं निहार राजीव गांधी बस स्टेण्ड भाग-1 आदि संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल किया जा सकता है।

## वार्डों में नहीं पहुंच रहे कचरा वाहन नाले में लोग फेंक रहे कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर में सफाई व्यवस्था के हाल बेहाल है । इसी को लेकर परिषद हमेशा विपक्ष के निशाने पर रहती है । कई वार्डों में कचरा वाहन नहीं पहुंच रहे हैं । लोग यहां - वहां कचरा फेंकने विवश है । वार्ड 6 , 7 , 8 और 9 के लोग वार्ड 7 में स्तिथ नाले में कचरा फेंक रहे हैं । जिससे गंदगी बजबजा रही है ।किसी भी निकाय , परिषद की पहली प्राथमिकता उसके निकाय क्षेत्र में सफाई और प्रकाश व्यवस्था को ठीक - ठाक रखना होता है । इस व्यवस्था का सीधा सरोकार जनता से होता है ।

परासिया में सफाई व्यवस्था को लेकर परिषद सवालों के घेरे में है । वार्डों में नियमित रूप से कचरा वाहन कचरा उठाने नहीं पहुंच रहे हैं । सूत्रों से पता चला है , कि कचरा वाहनों में डीजल नहीं है । लोग जहां सार्वजनिक खाली जगह मिल रही है , वहां कचरा फेंक रहे हैं । वार्ड 7 में पुरानी रेलवे लाइन जो वेयर हाउस मार्ग में बदल गई हैं , इस से लगे हुए नाले में कचरा फेंका



जा रहा हैं , जिससे नाले की निकासी प्रभावित हो रही है । आसपास के रहवासी बदबू से परेशान हैं । इसकी शिकायत नपा में कई बार की जा चुकी है । वार्ड पार्षद संतोष डेहरिया ने बताया कि , हाल ही में परिषद की बैठक हुई , जिसमें सफाई , कचरा वाहनों में डीजल उपलब्ध कराने की सहमति बनी है । नाले की सफाई कराई जाएगी ।

# नीट परीक्षा में अपना भाग्य आजमाएंगे 4143 परीक्षार्थी

### 3 मई को छिंदवाड़ा के 8 परीक्षा केंद्रों में होगी नीट (यूजी) की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली के निर्देशानुसार नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन 03 मई 2026 रविवार को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक छिंदवाड़ा जिले के मुख्यालय स्थित 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। इस परीक्षा में कुल 4143 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

इस परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। गत दिवस कलेक्टर श्री नारायन ने पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय के साथ इन परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर तैयारियां भी देखी हैं और गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### इन केंद्रों में होगी नीट (यूजी) की परीक्षा - नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के लिए छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें

1. पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदवाड़ा
2. शासकीय राजमाता सिंधिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा
3. पीएमश्री ऑटोनॉमस पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा
4. केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1
5. शासकीय नवीन जवाहर बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय छिंदवाड़ा
6. पीएम श्री शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाश नगर
7. सांदीपनि विद्यालय सीएम राईज स्कूल गुरैया एवं
8. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा शामिल हैं।




### परीक्षा के दिन के लिए परीक्षार्थी के लिए उपयोगी चेकलिस्ट

आवश्यक दस्तावेज़ (सबसे महत्वपूर्ण) -

1. **प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड)** - नेशनल टेस्ट एजेंसी की वेबसाइट से डाउनलोड की गई प्रिंटेड कॉपी।
2. **फोटोग्राफ्स** - प्रवेश पत्र पर निर्धारित प्रारूप में चिपकाई गई एक पोस्ट कार्ड साइज फोटो।

प्रवेश पत्र पर चिपकाई गई एक पासपोर्ट साइज फोटो। एक अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो (उपस्थिति पत्रक यानी अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के लिए)।

. **अधिकृत फोटो पहचान पत्र (आईडी प्रूफ)** - यह मूल (ओरिजिनल), वैध और जिसकी समय सीमा समाप्त न हुई हो, ऐसा होना चाहिए।

## गुमटियों में मद्यपान करवा रहे लोगों के विरुद्ध धारा 36 के तहत 4 प्रकरण किए दर्ज

# आबकारी टीम की लगातार कार्यवाही जारी, शराबियों को भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर गत दिवस रात्रि में सघन कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कंपोजिट मदिरा दुकान चंदनगांव, इमलीखेड़ा, सब्जी मंडी और गुरैया क्षेत्र में दबिश एवं गश्त कर खुले में मदिरापान कर रहे शराबियों को भगाया गया।

साथ ही इमलीखेड़ा, चंदनगांव, सब्जी मंडी और गुरैया स्थित मदिरा दुकानों के आसपास गुमठियों में मद्यपान करवा रहे लोगों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम



2000 की धारा 36 के तहत कुल 04 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त शहर एवं रिंग रोड पर स्थित भैरव ढाबा और उड़ता पंजाब ढाबा में भी कार्रवाई करते हुए प्रकरण कायम किए गए। इस कार्रवाई में एडीईओ जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम सहित आबकारी अमला उपस्थित था।

## अवैध मुरुम परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, एक डंपर जब्त

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग छिन्दवाड़ा की टीम द्वारा गत दिवस रात्रि में कार्रवाई करते हुए खनिज मुरुम के अवैध परिवहन में संलिप्त एक डंपर वाहन (**MP**28**H**1506) को लॉ कॉलेज काराबोह, छिंदवाड़ा क्षेत्र से जब्त किया गया। जब्त वाहन को थाना देहात की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग के अनुसार, इस वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत आगामी कार्रवाई के लिए प्रकरण माननीय कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।




## बोले- सीसीटीवी लगाओ वरना चप्पलें तो घिस ही चुकी हैं

# साहब की जनसुनवाई या जंग-सुनवाई, किसान ने मुख्यमंत्री को भेजी अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)

यदि आप पांढुर्णा के नामी सरकारी दफ्तर में अपना काम लेकर जा रहे हैं, तो जरा संभलकर, यहाँ जनसुनवाई में जनता की समस्या सुनी जाए न सुनी जाए, लेकिन साहब के अशोभनीय शब्द आपको सुनने को जरूर मिल सकते हैं। आलम यह है कि एक युवा किसान ने अब सीधे मुख्यमंत्री के नाम खत लिखकर गुहार लगाई है कि जनसुनवाई स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि दुनिया देख सके कि लोकतंत्र के सेवक जनता से कैसे प्रेम से पेश आते हैं। साहब द्वारा ऐसा बर्ताव और भी 4-5 लोगों के साथ किया गया है, लेकिन वे सामने आने से हिचक रहे है। हालांकि कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने सीसीटीवी लगाने की जनहितैषी मांग स्वीकार कर ली है। लेकिन उस अधिकारी को अपने बर्ताव में बदलाव लाने के कड़े निर्देश दे, ऐसी जनभावना है।



### लकीर के फकीर साहब और गायब लिपिक

सूत्र बताते हैं कि इन वरिष्ठ अधिकारी महोदय पर "लकीर के फकीर" वाली कहावत बिल्कुल फिट बैठती है। साहब के पास दक्षिणा का कोई चक्कर नहीं है, इस मामले में इनकी एकदम बेदाग छवि है। लेकिन इन्होंने नियम-कायदों की ऐसी घुट्टी पी रखी है कि फाइल काफी मुश्किल से आगे बढती है। साहब के व्यवहार का खौफ सिर्फ जनता में ही नहीं, दफ्तर के भीतर भी है। चर्चा है कि एक बाबू जी तो साहब के कडे व्यवहार से इतने त्रस्त हुए कि पिछले 3 महीने से लंबी छुट्टी पर निकल गए हैं। शायद उन्हें अपनी मानसिक शांति फाइल निपटाने से ज्यादा प्यारी लग रही है।

### नदी पर रपटा नहीं, पर उम्मीदों पर पानी जरूर

एक पीड़ित किसान ने 3 फरवरी को सर्पा नदी पर रपटा बनाने, गायों की टैगिंग और गिरदावरी जैसे बुनियादी कामों के लिए आवेदन दिया था। किसान का आरोप है कि, समाधान तो दूर, उन्हें अपशब्दों का प्रसाद दे दिया। किसान ने मांग की है कि जनसुनवाई स्थल में सीसीटीवी लगे, ताकि उनके व्यवहार की हकीकत सामने आए।

### जूनियर अधिकारियों का ब्रह्मास्त्र साहब के पास भेज दूँ क्या ?

दफ्तर में एक मजेदार ट्रेंड चल पड़ा है। जब भी कोई परेशान व्यक्ति जूनियर अधिकारियों से काम जल्दी करने की मिन्नत करता है, तो वे अपना ब्रह्मास्त्र निकाल लेते हैं। वे कहते हैं- "ज्यादा जल्दी है ? तो चलो फाइल साहब के पास रख देते हैं, वही फैसला करेंगे।" इतना सुनते ही हितग्राही के पसीने छूट जाते हैं। वह हाथ जोड़कर कहता है- "सर, काम भले दो महीने बाद हो, लेकिन प्लीज हमारा प्रकरण साहब के पास मत भेजिए!"

## बुध्द जयन्ती पर हुआ धम्म हॉल का भूमिपूजन, त्रिगुणी पूर्णिमा पर संजय नगर में हुआ भोजन वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

जाखीवाड़ा की तपोभूमि देश और दुनिया में भगवान बुद्ध और बाबा साहेब अंबेडकर के मानवतावादी विचारों के प्रचार-प्रसार का केंद्र बनेगी। बुद्ध जयंती (त्रिगुणी पूर्णिमा) के पावन अवसर परतथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखीवाड़ा,एड. वासुदेवराव नंदाबाई बागडे समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा यहाँ एक भव्य 'धम्म हॉल' का भूमिपूजन संपन्न हुआ। ट्रस्टी राहुल बागडे ने परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस तपोभूमि पर जल्द ही 15 फीट ऊँची विशाल अष्टधातु की बुद्ध प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

इसके साथ ही संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की 6 फुट ऊँची आदमकद प्रतिमाओं का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। लगभग 5000 वर्ग फुट में बनने वाला यह डबल मंजिल धम्म हॉल 'बुद्धिस्ट प्रतिकृति' (स्थापत्य कला) के रूप में तैयार किया जाएगा। यह संपूर्ण प्रकल्प बजाज जोड़ पीपला मार्ग पर एड. वासुदेवरावजी बागडे के परिवार द्वारा दान की गई एक एकड़ भूमि पर साकार हो रहा है।इस केंद्र का उपयोग धम्म प्रचार, वैचारिक कॉन्फ्रेंस, प्रशिक्षण शिविरों और बुद्धिस्ट धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सहादेवराव गोडबोले ने की, जबकि प्रस्तावना समिति सचिव डॉ. अशोक भगत ने रखी। ग्वालियर से आए मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति बहुजन,डॉ. पुष्पेंद्र बहुजन,बी.एन. वासे,संतोष पधरे ने संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश बागड़े आभार प्रदर्शन आनंद शेन्डे ने किया।

## लघु उद्योग भारती ने किया लघु उद्योग हित का काम : बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** उद्यमशीलता के प्रोत्साहन में हितकारी योजना बनाने में संघठन की राय महत्वपूर्ण रहती है, जिससे कि अर्थव्यवस्था का संतुलन बना रहता है।उद्यमिता का आधार श्रमिक बंधु रहते है, उनके कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार सदैव प्रयासरत है, जैसे विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री श्रमिक मानधन योजना और अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाएं संचालित की जा रही है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने लहगडुआ औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग भारती स्थापना दिवस और मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि लघु उद्योग भारती ने लघु उद्योग हित का काम किया है। सांसद ने श्रमिकों पर पुष्पवर्षा करते हुये उन्हे लघु उद्योग भारती स्थापना दिवस और मजदूर दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। विदित हो कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के बीच में काम करने वाले एकमात्र अखिल भारतीय संगठन लघु उद्योग भारती के 33 वे स्थापना दिवस में छिंदवाड़ा इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## चौरई विधायक ने कलेक्टर से नगर में व्याप्त जलसंकट के निदान के लिए पेंच नदी में पानी छोड़ने की मांग रखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई नगरपालिका में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के समाधान के संबंध में शुक्रवार को चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों प्रतिनिधिमण्डल के साथ छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण से मिले। प्रतिनिधि मंडल ने छिंदवाड़ा कलेक्टर से नगर के पेयजल संकट के तत्काल निदान हेतु झिलमिली स्थित एनिकेट को माचागोरा डैम से पानी छोड़कर भरने की मांग रखी जिससे की चौरई नगर में जारी भीषण पेयजल की समस्या का निदान हो सके साथ ही चौरई क्षेत्र में पेंच नदी पर 9 सहायक डैम में भी पानी सूख जाने के कारण जानवरों व अन्य आवश्यक कार्यों हेतू भी पानी की कमी हो गयी है विधायक श्री चौधरी ने छिंदवाड़ा कलेक्टर से इनके लिये भी पानी छोड़ने की माँग की। इसके अलावा नगर में ड्रीमलैंड सिटी के डेवलपर्स द्वारा कॉलोनी के विस्तार के कार्य पूर्ण कराने की मांग भी प्रतिनिधिमण्डल ने कलेक्टर से रखी।

छिंदवाड़ा कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे और शीघ्र ही समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक श्री चौधरी के साथ प्रेमेंद्र साहू, अमित चौरसिया, धीरज खंडेलवाल, अंकित पांडे, शाहिद मंसूरी, अमिताभ राऊत गोलू, प्रदीप सनोडिया, सचिन वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी बघेल का भव्य विदाई समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना के जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर गुरुवार को चौरई के अन्नपूर्णा लॉन में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड चौरई के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।समारोह में चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित रमेश दुबे ने की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों ने सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया।

## आयुर्वेदिक औषधालय में हुआ विदाई समारोह

**सौंसर।** ग्राम पंचायत बानाबाकोडा में आयुर्वेदिक औषधालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान औषधालय सेवक प्रेमलाल सलामें के विदाई समारोह के अवसर पर स्वागत सत्कार करते हुए उपहार भेंट किए गए।आयोजन को संबोधित करते हुए डॉ सौरभ सूर्यवंशी ने कहा हर सरकारी सेवक के जीवन में एक ऐसा पड़ाव आता है जब उसको वर्षों तक जिन साथियों के साथ में कार्य किया उनको छोड़कर सेवानिवृत्ति लेनी पड़ती है।बना बकोड़ा के औषधालय में सेवानिवृत्ति हुई श्री सलामे जी का कार्यकाल यादगार रहा है,शासन की ओर से मिले दिशा निर्देशों का इनके द्वारा समय पर पालन करते हुए जनता को निरंतर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया है। इस दौरान ग्राम वासियों एवं आयुर्वेदिक औषधालय परिवार की ओर से श्री सलामी का पुष्पमाला शाल श्रीफल पहनकर स्वागत सत्कार एवं उपहार भेंट किये।

## शंकरवन में भव्य मंदिर निर्माण का हुआ शिलान्यास



**बिछुआ।** बिछुआ विकासखंड के शंकरवन में भव्य मंदिर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नए मंदिर के निर्माण के लिए विधिवत शिलान्यास (भूमिपूजन) संपन्न हुआ। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।बताया जा रहा है कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का समावेश होगा। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में इस परियोजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है,मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि इस भव्य मंदिर निर्माण में लगभग 3 करोड़ रूपये की लागत लगना है,मंदिर लगभग 20 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा, ऐसा मंदिर समिति द्वारा बताया गया। ज्ञात हो कि शंकरवन मेला जिले में एक प्रसिद्ध मेला है जो कि हर साल 7 जनवरी से 14 जनवरी तक लगता है,जिसे देखने लाखों की संख्या में भक्त गण एवं क्षेत्रवासी आते है।

## कलेक्टर ने लालबर्रा में सभी विभागों के खंड स्तीरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ली बैठक

### योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 01 मई को जनपद पंचायत कार्यालय सभाकक्ष लालबर्रा में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल भी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम लालबर्रा ब्लाक में कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचार की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने कम प्रगति वाले सेक्टर की पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता से वन-टू-वन चर्चा की और निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के एसएएम श्रेणी के बच्चों को चिन्हित कर उनका उपचार करायें और उन्हें कुपोषण से मुक्त कराने के लिए काम करें। इसी प्रकार एमएएम श्रेणी के बच्चों को भी चिन्हित करने कहा गया। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों का सतत भ्रमण करने एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के काम पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचार में लापरवाही बरतने वाली पर्यवेक्षक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता पर कार्यवाही करने कहा। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कंजई सेक्टर की आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक रेणुका सुखदेवे के सेक्टर में कुछ कार्यकर्त्ता द्वारा पोषण ट्रेकर एप्प पर गलत आकड़े दर्ज किये गये हैं, जिसके कारण जिले की प्रगति प्रभावित हो रही है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और पर्यवेक्षक रेणुका सुखदेवे की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि 03 से 06 वर्ष आयु का कोई भी बच्चा पोषण ट्रेकर एप्प पर पंजीयन से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने 03 से 06 वर्ष आयु के सभी बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए प्राथमिक शालाओं में पंजीयन कराने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान गर्भवती माताओं की एएनसी के लिए अनमोल पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गये। अनमोल पोर्टल पर गत वर्ष की तुलना में कम पंजीयन वाली सीएचओ एवं एएनएम के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई। मानपुर, गर्रा, पाथरसाही एवं लेंडेझरी में गर्भवती माताओं का पंजीयन कम पाये जाने पर इन केन्द्रों की सीएचओ एवं एएनएम पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। गर्भवती माताओं का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने एवं घर पर प्रसव नहीं होने देने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सीएचओ एवं एएनएम द्वारा अपने कार्यस्थल पर न जाकर सार्थक एप्प पर घर बैठे ही हाजरी लगाई जा रही है। इस स्थिति पर कलेक्टर श्री मीना ने नाराजगी जाहिर की और सख्त निर्देश दिये कि स्वास्थ्य केन्द्र पर न जाकर घर बैठे हाजरी लगाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सभी सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों को वेतन का भुगतान सार्थक एप्प की हाजरी के आधार पर ही किया जायेगा। श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान लालबर्रा विकासखंड में 395 श्रमिकों के संबल योजना में पंजीयन लंबित है। इसी प्रकार संबल योजना के 659 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का एवं 17 हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता का भुगतान लंबित है। श्रमयोगी मानधन योजना में 145 श्रमिकों का ही पंजीयन हुआ है और संबल योजना के 1704 हितग्राहियों की ई-केवायसी लंबित है।

## विभिन्न मामलों को लेकर की जा रही छानबीन, मीडिया से दूरी बरती पुलिस अधिकारियों ने

# प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा के घर पुलिस टीम ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 7 में रहने वाले प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा के निवास स्थान पर शुक्रवार की शाम को जिले के लगभग 4 थानों की पुलिस ने छापामार कार्यवाही की और उनके घर के अंदर बैठ कर विभिन्न मामलों की जॉच की जा रही है। चर्चा है कि प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा के खिलाफ कुछ लोगों द्वारा ब्याज पर रकम देने, जमीनों की खरीद फरोख्त सहित विभिन्न कार्य किए जाने की शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा परसवाड़ा, चांगोटोला, बालाघाट सहित अन्य थानों की टीम बनाकर जॉच करवाई जा रही है।

चर्चा है कि सुनील अरोरा को पुलिस ने पहले ही अपनी अभिरक्षा में ले लिया है और वह उसे लेकर शुक्रवार की शाम को उनके वार्ड नम्बर 7 स्थित निवास स्थान पर पहुँची है। जहॉ पर उनके घर की तलाशी लेने के साथ ही दस्तावेजों की खोजबीन की जा रही है।

उनके घर के बाहर जैसे ही वाहनों का काफिला रुका, वैसे ही मोहल्ले में हडक़ंप की स्थिति मच गई थी। लोग यह जानने के लिए उत्सुक नजर आए कि आखिरकार गाडिय़ों का काफिला क्यों कर सुनील अरोरा के घर पर पहुँचा है। इस बात की भनक लगने पर मीडियाकर्मी भी उनके घर तक पहुँचे। लेकिन पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने उनसे किसी भी प्रकार की चर्चा करने से इंकार कर दिया है। जिससे वास्तविक जानकारी अभी तक सामने नहीं आ पा रही है।

हम आपको बता दे कि प्रापर्टी डीलर सुनील अरोरा का कार्य जमीन की खरीद फरोख्त के साथ ही लोगों को ब्याज पर रकम देना भी है। उनका नाम कई बार अनेंक प्रकार के विवादों में घिरा रहा है और कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाना उनके लिए मामूली बात है। उनका नाम कई विवादित जमीनों की खरीद फरोख्त में भी जुड़ता रहा है। यह मामला में आपसी प्रतिस्पर्धा का समझ में आ रहा है। पिछले कुछ समय से कुछ जमीनों की खरीद फरोख्त को लेकर उनके ही कुछ साथियों के साथ उनकी अनबन चल रही है। चर्चा है कि इसी अनबन के चलते एस पी व जिला प्रशासन को शिकायते की गई थी। जिसके बाद यह जॉच कार्यवाही प्रारंभ हुई है।

जानकारों द्वारा इस घटना के तार गत दिनों तुमाड़ी निवासी गणेश कुमरे से आयकर विभाग विभाग द्वारा आदिवासियों की जमीनों की खरीदी बिक्री के मामले में की गई पूछताछ से भी जोड़े जा रहे है। उल्लेखनीय है कि आदिवासियों की जमीनों की खरीद फरोख्त के मामले में भी सुनील अरोरा का हाथ कई स्थानों में होने की चर्चा है। माना जा रहा है कि ऐसे ही कई मामलों में उनके साथियों से उनके विवाद भी हो गए है।

## भक्ति में सराबोर लांजी पुलिसः हनुमान मंदिर में गूंजा अखंड रामायण पाठ

### दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में पुलिस अधिकारियों की पहल, समापन पर महाप्रसादी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पुराने थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। लांजी अनु विभागीय अधिकारी पुलिस श्री ओमप्रकाश एवं थाना प्रभारी दीप सिंह परमार के नेतृत्व में यहां दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक पहल में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के सामने एक सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 मई को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ, जो लगातार जारी रहा। मंदिर परिसर में रामचरितमानस की चौपाइयों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान पुलिस विभाग के जवानों ने अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद समय निकालकर पाठ में भाग लिया। स्थानीय श्रद्धालुओं की भी अच्छी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

दो दिवसीय इस आयोजन का समापन 2 मई की शाम को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। समापन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। पूरे कार्यक्रम के दौरान लांजी पुलिस विभाग का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा, जिससे आयोजन अनुशासित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से जहां एक ओर आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होता है, वहीं पुलिस और आमजन के बीच आपसी विश्वास एवं सामंजस्य भी मजबूत होता है।

## सांदीपनि टिहलीबाई विद्यालय में समर केम्प का शुभारंभ

**वारासिवनी।** शासकीय सांदीपनि टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार समर केम्प का आयोजन 01 मई 26 से प्रारंभ कर दिया गया है। यह समर कैम्प 01 जून 2026 तक चलेगा। समर केम्प 2026 का शुभारंभ शुक्रवार 1 मई को संस्था प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम नोडल राजेश सोनेकर खेलकूद शिक्षक द्वारा बच्चों को समर केम्प की विधाओं से अवगत कराया गया। जिसमें खेल, आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली, चित्रकला, डांस, म्युजिक और अन्य विधाओं की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। समर केम्प के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए संस्था प्रमुख श्री पटले द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यार्थी साल भर अपनी-अपनी पढ़ाई लिखाई में व्यस्त रहते है, उन्हें अन्य विधाओं में रुचि होने के बावजूद उन्हें पढ़ाई की चिंता होती है।

# कबाड़ी का काम करने वाले निकले शातिर चोर पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



चोरी का मशरुका किया जप्त

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए प्रयासरत हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय श्री सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 और घटना का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद रिजवान निवासी कटंगी रोड शाद कालोनी सिवनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि इनकी दुकान दल सागर शराब दुकान के बाजू में स्थित है जो मोटरबाईडिंग रिपेयरिंग की दुकान चलाता है, थाना आकर बताया कि विगत रात्री 28/04/2026 के लगभग 16.00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखी पानी के बोर की मशीन व पंनडुब्बी चोरी की गई है जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्र.331/2026 धारा 331 (4), 305 (र) बी.एन.एस.का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना प्रभारी व्दारा थाना स्तर पर टीम गठित की गई जो संदेही प्रकाश पिता हरीचंद मर्सकोले निवासी हड्डी गोदान, विकास पिता संतलाल उइके निवासी हड्डी गोदाम एवं एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया उक्त आरोपियों के कब्जे से एक पुरानी पानी की पंडुब्बी मोटर व चार पानी के बोर की मोटर को विधिवत जप्ती की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड-पूर्व में भी आरोपी के विरुध्द चोरी एवं मारपीट के प्रकरण पंजीबध्द है।

इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राजेश शर्मा, आर. सुधीर डेहरिया मुकेश चौरिया, प्रतीक बघेल, सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, सौनिक वकील की विशेष भूमिका रही हैं।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा । ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे । ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे । ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा । ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

## किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुधार के दिए निर्देश

# कलेक्टर मृणाल मीना ने गेहूं खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 1 में को लालबर्रा एवं वारासिवनी क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्थापित केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं विक्रय के लिए पहुंचे किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.के. ठाकुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार तथा एमपी वेयरहाउसिंग के अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री मीना ने लालबर्रा खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया एवं बैठने की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए टेंट का विस्तार किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए।उन्होंने केन्द्र पर तौल कांटों की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि गेहूं की तौल में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।लालबर्रा वेयरहाउस स्थित खरीदी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं। कुछ किसानों ने बताया कि सेटेलाइट सर्वे में उनके गेहूं के रकबे को कम दर्शाया गया है, जिससे उन्हें पूरी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने में कठिनाई हो सकती है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया कि सेटेलाइट सर्वे से फसल की सटीक जानकारी प्राप्त होती है, लेकिन यदि किसी किसान का रकबा कम दर्ज हुआ है तो पटवारी द्वारा मौके पर जांच कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है वे 23 मई तक स्लाट बुक करा लें।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## 47 नर्सिंग छात्राओं ने सामूहिक आत्महत्या की दी चेतावनी

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के साथ चेयरपर्सन से मिलीं; कहा- रजिस्ट्रेशन के बिना सरकारी नौकरी के अवसर बंद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट की सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से बीएससी नर्सिंग कर रहीं 47 छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। नर्सिंग काउंसिल में यूनिवर्सिटी की मान्यता और पंजीयन न होने के कारण छात्राओं ने सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी दी है।

पीड़ित छात्राओं का कहना है कि वे पिछले आठ माह से प्रशासन के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।

शिकायत लेकर छात्राओं ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष ने पीड़ित छात्राओं के साथ नर्सिंग संचालनालय की चेयरपर्सन बीनु कुशवाहा से मुलाकात की।

पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि बैनर-पोस्टर से नहीं, बल्कि बेटियों को न्याय दिलाकर ही महिला सशक्तिकरण होगा। चेयरपर्सन ने आश्वासन दिया कि कॉलेज की कमी पर कार्रवाई कर पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।

छात्राओं ने बताया कि साढ़े चार साल की पढ़ाई और करीब 5 लाख रुपए प्रति छात्रा खर्च करने के बाद भी वे नौकरी के लिए अपात्र हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर यूनिवर्सिटी का नाम न होने से नर्सिंग काउंसिल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। इस तकनीकी बाधा के कारण छात्राएं हाल ही में निकली शासकीय भर्तियों में आवेदन करने से वंचित रह गईं।

वर्ष 2020 में प्रवेश लेने वाली इन छात्राओं के परिवारों ने कर्ज लेकर और जमीन गिरवी रखकर पढ़ाई पूरी कराई थी। छात्रा खुशबू भारद्वाज और प्रिंसी ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने प्रवेश के समय मान्यता के बड़े दावे किए थे, लेकिन अब वे जवाबदेही से बच रहे हैं।

छात्राओं ने सीएम हेल्पलाइन और भोपाल के संबंधित विभागों में भी शिकायत दर्ज कराई है, मगर अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।

वहीं मामले पर मैनेजमेंट एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर मंजीत सिंह ने कहा कि हमारा निजी विश्वविद्यालय है, इसलिए मेडिकल विश्वविद्यालय की NOC की आवश्यकता नहीं है। नर्सिंग काउंसिल को अब स्थिति समझ आ गई है।

सोमवार से छात्राओं के नाम प्रदर्शित किए जाएंगे। सभी दस्तावेज नवंबर में ही जमा कर दिए गए थे। मैनेजमेंट छात्राओं के साथ है और मान्यता से जुड़े सभी कागजात व औपचारिकताएं पूरी हैं।

### वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर बैहर में समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन एवं वन पट्टा दावों के निराकरण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 01 मई को बैहर में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टास्क फोर्स समिति के सदस्य श्री गिरीश कुबेर ने अधिकारियों एवं समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में वन पट्टा दावों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही दावा प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर अधिकार मिल सके।

## रोजाना 6 घंटे की मेहनत लाई रंग, आगे और तैयारी रहेगी जारी

# शेषनारायण आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक की संभालेंगे कमान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कर्मचारी चयन आयोग 2025 (एसएससी सीजीएल) की परीक्षा के परिणाम अभी कुछ दिनों पूर्व ही घोषित किए गए है। इस परीक्षा को बालाघाट जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 13 सुभाष नगर बूढ़ी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम ढोमने के सुपुत्र शेषनारायण ढोमने ने उत्तीर्ण कर यह मुकाम हासिल किया है। अब शेषनारायण आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक की कमान संभालेंगे। चर्चा के दौरान शेषनारायण ढोमने ने बताया कि वह दो वर्ष से दिल्ली में इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। परीक्षा के लिए रोजाना करीब छह घंटे पढ़ाई करते रहे है। जिसका परिणाम है कि यहां तक सफलता मिली। उन्होंने आगे कहा कि इस परिणाम के बाद मिली उपलब्धि से ही संतुष्ट नहीं रहेंगे, जो सपना संघ लोक सेवा आयोग के लिए पहले से संजोए हुए रखा है उसके लिए शासकीय सेवा में निर्धारित समय देने के बाद शेष समय पढ़ाई में ही लगाएंगे। इसके साथ ही अपने सपने को पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे। शेषनारायण के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम ढोमने बताते है कि उनके पुत्र ने अपनी प्राथमिक शिक्षा बालाघाट के सेंटमेरी स्कूल से प्राप्त की है। इसके बाद हायर सेकंडरी केंद्रीय विद्यालय भरवेली और स्नातक की पढ़ाई साइंस कालेज जबलपुर से किया है। शेषनारायण ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम ढोमने, मां अलकेश्वरी ढोमने के अनुशासन एवं मार्गदर्शन को दिया हैं। आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के लिए चयन होने पर शेषनारायण ढोमने को महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज बालाघाट के अध्यक्ष अशोक फाये, उपाध्यक्ष विजय श्रीरंग, सचिव एच कावड़े, बड़े भाई एवं स्वर्णकार समाज लालबर्रा के अध्यक्ष रविकरण सोनी, नितिन सोनी, शिक्षा विभाग के लिपिक चैतन्य सोनी के अलावा



अन्य नाते रिश्तेदारों सहित ईष्ट मित्रों ने बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## हर ग्राम पंचायतों में किया जाएगा विकास कार्य-विवेक पटेल

**वारासिवनी।** प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। हमारे प्रदेश के युवा रोजगार के लिए बाहर पलायन कर रहे है। मगर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को युवाओं की चिंता नहीं है। ये सरकार सिर्फ घोषणाओं के भरोसे है। झूठा भाषण और पैसे का लालच देकर सत्ता में तो आ जाते है। मगर उसके बाद उन्हें किसी की चिंता नहीं रहती है। विधायक बनने के बाद मै प्रदेश के मुखिया और मंत्रियों से मिलकर क्षेत्र में काम लाता हूँ। क्षेत्र में जो कार्य हो रहे है। आप लोगों के आशीर्वाद से हो रहे है। आप लोगों ने मुझे चुनाव जिताया है। अब मेरा काम हैं, मै अपने क्षेत्र के लिए कार्य करूं। इस आशय के उद्गार विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम कोसरीटोला और सरंडी में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन समारोह के दौरान ग्रामीणों से कही। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात करती है। मगर प्रदेश की नगरपालिका और पंचायतो में जहां हमारी बहने जनप्रतिनिधि बनी है। वहां पर उन्हें काम करने नहीं दिया जाता। दूसरों का हस्तक्षेप रहता है। ऐसे में हमारी बहने कैसे आगे बढ़ेगी? पहली बार शिक्षा और चिकित्सा को हम आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है।

## आकांक्षा घोड़ेश्वर व स्वाति मेश्राम का हुआ सम्मान

# संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी व भारतीय संविधान भारतीयों के लिए सर्वोपरि- दामोदर यादव मंडल





### परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का डॉ. संजय खोबरागड़े कार्यक्रम अध्यक्ष, दामोदर यादव मंडल मुख्य अतिथि, इंजी सतेंद्र विद्रोही व एड सुरेन्द्र बारमाटे विशिष्ट अतिथि के हस्ते हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

तहसील मुख्यालय तिरोड़ी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह मुख्य अतिथि दामोदर यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन, कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश, विशेष अतिथि अमित बसोड़ (प्रदेश महासचिव एएसपी), वीरेंद्र शिंदे (प्रदेश महासचिव भीम आर्मी), रितेश बोरकर (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट), निलेश बौद्ध (जिला अध्यक्ष एएसपी बालाघाट ), संजय पाटिल (ट्रस्टी शांतिवन चिचोली नागपुर ), सौरभ लोधी (प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा ), कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी ), संजय शेंडे अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी , विशिष्ट अतिथि प्रदीप ऊके सचिव तहसील बौद्ध संघ तहसील तिरोड़ी, विकास खांडेकर अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट, जगदीश रावत तहसील अध्यक्ष समता सैनिक दल तिरोड़ी, रामचंद्र मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध संघ सर्कल नांदी, आचार्य चितरंजन वासनिक सदस्य ऑल इंडिया समता सैनिक दल, डॉ. आशीष बोरकर सामाजिक चिंतक, भोजराज वासनिक (अध्यक्ष सम्यक बुद्ध विहार समिति नांदी), धनेश्वर मेश्राम (दुर्ग छत्तीसगढ़,) हंसराज रावतकर(सुंदर), राजेंद्र ऊके सचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ सर्कल शाखा नांदी, भगवान दास खोबरागड़े परसवाड़ाघाट, धर्मेंद्र बोमबर्डे सामाजिक चिंतक, आनंद ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, रितेश ऊके सामाजिक चिंतक, दुर्गेश वासनिक सामाजिक कार्यकर्ता, मुकेश ऊके सामाजिक कार्यकर्ता, अतिथिगण शैलेंद्र चौकसे पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, चैनलाल तुरकर सरपंच ग्राम पंचायत नांदी, रहीम खान उप सरपंच ग्राम पंचायत नांदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।अंजीरा मेश्राम द्वारा परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की 6 फीट की प्रतिमा अपनी मां स्मृतिशेष मनीबाई फकीरा की स्मृति में स्थापित कर समाज को समर्पित कर गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अध्यक्ष एड डॉ. संजय खोबरागड़े, मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही, विशिष्ट अतिथि एड सुरेन्द्र बारमाटे के हस्ते परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप में बुद्ध वंदना रविन्द्र नागदेवे जी के द्वारा कराई गई। तमाम अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण ने किया। एड डॉ. संजय खोबरागड़े, दामोदर यादव मंडल, एड सुरेन्द्र बारमाटे, इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही के द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आकांक्षा घोड़ेश्वर व कक्षा 10वीं में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को 21-21 हजार शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मंचीय उद्बोधन कार्यक्रम में 10 वर्षीय सौम्य मेश्राम में बुद्ध अंबेडकर मिशन पर प्रखरता के साथ उद्बोधन किया। जिसका सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रितेश बोरकर ने कहा कि आज बुद्ध अंबेडकर मिशन को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को समर्पित भाव से उल्लेखनीय कार्य करने पड़ेगा। निलेश बौद्ध ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंबेडकर मिशन सतत प्रयासों के चलते ही कामयाब हो पायेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एड सुरेन्द्र बारमाटे (प्रदेश सचिव आल इंडिया समता सैनिक दल मप्र ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजाद भारत में हम संविधान लागू होने के पश्चात ही वास्तविक आजादी को स्वीकार करते है। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही (प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण मप्र में बहुजन समाज के लोगों पर आए दिन अन्याय अत्याचार होता चला आ रहा, किन्तु सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। आज मप्र की पुलिस से पहले भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पीड़ितों के सहयोग के लिए समर्पित भाव से पहुंचकर सेवा कार्य करते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल ने कहा कि संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी ने संविधान का निर्माण करते समय सम्पूर्ण भारतीयों के हितों का ध्यान रखते हुए निर्माण किया। मैं ओबीसी समुदाय से हूं ओबीसी समुदाय के लोगों से आव्हान किया की संविधान को बचाने के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। मप्र में कक्षा 10वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आकांक्षा घोड़ेश्वर के संदर्भ में कहा कि अनुसूचित जाति की छात्रा होने से जिले की सांसद महोदया और क्षेत्रीय विधायक उससे मिलना तक मुनासिब नहीं समझे। ये बीजेपी सरकार समाज में अंधश्रद्धा को फैलाने वाले स्वयशंभु को बढ़ावा दे रही है, किन्तु छात्र छात्राओं के जज्बातों को बढ़ाने के लिए कोई योजना नहीं है। भारतीय संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी व भारतीय संविधान भारतीयों के लिए सर्वोपरि है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एड डॉ. संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के विचारों को अंगीकार किए बिना भारत का उत्थान संभव नहीं है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने कहा कि संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के विचार प्रासंगिक होकर सार्वभौमिक है जिनके विचारों को समूचा विश्व अंगीकार कर उनकी प्रतिमाओं को स्थापित कर रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने आभार व्यक्त किया। रात्रि में राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज ने बेहतरीन कव्वाली प्रस्तुत की। हजारों की तादाद में जनता शरीक हुई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शैलेश शैल ने किया।

## गौ माता को राष्ट्र माता/ राष्ट्र आराध्यां का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने

# महामहीम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम लांजी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 31A(0) की मूल भावना के अनुरूप अखिल भारतीय वेदतक्षणा गोवंश को राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना एवं एकीकृत केंद्रीय कानून निर्माण हेतु संपूर्ण भारतवासियों का निवेदन पेश किया गया है।

संवैधानिक मर्यादाओं के रक्षक और राष्ट्र की प्रथम नागरिक परम श्रद्धेय महामहिम राष्ट्रपति महोदय, आज प्रत्येक भारतवासी स्वयं को भारतीय कहने में गौरव का अनुभव करता है। आपके गरिमामयी मार्गदर्शन एवं साशन की दृष्टि इच्छा शक्ति के फलस्वरूप ही देश में सास्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्र की सुरक्षा हेतु धारा 370 की समाप्ति जैसे ऐतिहासिक साहसिक कार्य संपन्न हो सके है। अखिल भारतीय गौवंश, जो हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक चेतना का मूल आधार वह अब आपके द्वारा संवैधानिक संरक्षण की प्रतीक्षा कर रहा है।

महामहिम, हाल ही मार्च 2026 में ब्रज क्षेत्र के पावन प्रवास के दौरान, वृंदावन के वात्सल्य ग्राम में संतों के सानिध्य में आपके द्वारा किया गया 'गोपूजन' संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का केंद्र बना है। उस अवसर पर गौवंश को आपके द्वारा जीवनधन' कहकर संबोधित करना, गौमाता के प्रति आपकी प्रगाढ़ श्रद्धा और करुणा को परिलक्षित करता है। जब राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्तित्व स्वयं गौसेवा को प्राथमिकता देता है, तो हम करोड़ों भारतवासियों की आशाएं बलवती हो जाती है कि अब इन जीवन धन की रक्षा हेतु निर्णायक कदम उठाए जाएंगे।

महामहिम, भूख, दुर्घटना, तस्करी और क्रूर वध के कारण आज 'गोवर्धन का प्रभाव क्षीण हो रहा है और हमारे पवित्र देशी गौवंश की संख्या निरंतर घट रही है परन्तु आपकी गोवर्धन परिक्रमा के बाद गौ प्रेमियों में पुनः गौ के वर्धन की नयी आस जगी है। यह अत्यंत विचारणीय विषय है कि भारतीय कृषि और ग्रामीण जीवन का प्राण कहा जाने वाला 'देशी गौवंश' आज भी सड़कों और अत्यंत कष्टप्रद स्थितियों में है। संविधान के अनुच्छेद 48 (राज्य के नीति निदेशक तत्व) के अंतर्गत यह स्पष्ट निर्देशित है कि राज्य और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक प्रजातियो से संगठित करने का प्रयास करेगा तथा विशेष रूप से गायों, बछड़ों ओर दुधारू पशुओं के वध पर प्रतिबंध के लिए प्रभावी कदम उठाएगा। इस संवैधानिक अधिदेश की पूर्ण अनुपालना अखिल भारतीय स्तर पर एक समान केंद्रीय नीति के अभाव में आज भी एक अपरिहार्य आवश्यकता है। ज्ञापन देने में रेख लाल उमरे, धीरज मिसारे, सूर्यकिशोर धांडेकर, राहुल पारधी, शालिक

राम पारधी ,सुशील आसटकर, तोमेश्वर सिंह भटेरे ,सौरभ रहमत्कर, भूपेंद्र रहमत्कर, मोहन यादव ,बालू यादव, लिलेश्वर खानोरकर, खुशालचंद खानोरकर, गौरव वैश ,सुरेंद्र श्रीवास, सरिता खानोरकर, सरिता श्रीवास, सुषमा खानोरकर, नूतेन्द्र रहमत्कर और भी अन्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### ग्राम भटेरा में मकान सूचीकरण कार्य का शुभारंभ, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बालाघाट।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण कार्य की शुरुआत तेज़ी से की जा रही है। इसी क्रम में चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार बालाघाट श्री सुनील वर्मा तथा जिला प्रभारी श्री रोहित पांडे द्वारा ग्राम भटेरा में प्रगणक एवं सुपरवाइजर के साथ मकान सूचीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मोबाइल ऐप के माध्यम से सटीक एवं समयबद्ध तरीके से जानकारी दर्ज करने पर विशेष जोर दिया, ताकि जनगणना कार्य पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। अधिकारियों ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया कि प्रत्येक मकान एवं परिवार का विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत किरनापुर क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई की गई। उप संचालक खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं थाना प्रभारी किरनापुर की टीम ने रात्रि में जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान किरनापुर में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली (क्रमांक MP50 A 3419) को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक रमेश पाँचे, पिता सुकचरण पाँचे, निवासी वार्ड नंबर 01, किरनापुर, तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट पाया गया।अधिकारियों ने वाहन को रेत सहित जप्त कर थाना किरनापुर की अभिरक्षा में रख दिया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com